# होती तुझसे मेरी मुलाकात रहे शिव भजन

होती तुझसे मेरी मुलाकात रहे,
मेरे भोले सुबहो शाम मेरे साथ रहे।bd।

---

जहाँ भी मैं देखूं तू आये मुझको नजर,
तेरे संग बीते मेरे जीवन का ये सफर,
तेरा मेरे सर पे हाथ रहे,
मेरे भोले सुबहो शाम मेरे साथ रहे।bd।

---

तेरी जो कृपा मिली फिर काहे का गम,
करूँ मैं तेरी भक्ति होके मगन,
'दिलबर' मिलती ये सोगात रहे,
मेरे भोले सुबहो शाम मेरे साथ रहे।bd।

---

मेरी सांसों में सदा चले है तेरा नाम,
तेरी दया से भोले मेरा होता रहे हर काम,
भोले शंकर संग मेरे दिन रात रहे,
मेरे भोले सुबहो शाम मेरे साथ रहे।bd।

---

होती तुझसे मेरी मुलाकात रहे,
मेरे भोले सुबहो शाम मेरे साथ रहे।bd।

गायिका – हर्षिता जयपाल।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com